आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

वर्ष- 15 अंक-292 कटनी सोमवार, 29 नवम्बर, 2021 मूल्य- 2 रुपए पृष्ठ-8 कृष्ण पक्ष-10 विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in




## ओमीक्रोन वेरिएंट से दहशत, भारत में एयरपोर्ट पर अलर्ट

**नई दिल्ली।** ओमीक्रोन कोरोना वायरस वेरिएंट को लेकर दुनियाभर में दहशत है। नीदरलैंड, डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब कनाडा में भी ओमीक्रोन वेरिएंट के मामले सामने आए हैं। भारत सरकार ने भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर समीक्षा शुरू कर दी है। शनिवार को सरकार ने उन देशों की सूची जारी की, जहां से ओमीक्रोन के यात्रियों के आने का खतरा अधिक है। इन देशों में दक्षिण अफ्रीका, चीन, बोत्सवाना, यूके, ब्राजील, इजराइल, बांग्लादेश, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देश शामिल है। कनाडा में भी दो ओमिक्रोन संक्रमित मिले है और अब इस सूची में कनाडा को भी शामिल किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया है कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के परीक्षण और निगरानी पर मानक संचालन प्रक्रिया की समीक्षा करने का फैसला किया है। यह विशेष रूप से जोखिम वाले देशों से आने वाले यात्रियों के लिए है। परीक्षण प्रोटोकॉल के लिए एयरपोर्ट स्वास्थ्य अधिकारियों और बंदरगाह स्वास्थ्य अधिकारियों को संवेदनशील बनाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट जारी कर दिया है। भूषण ने राज्य सरकारों को पत्र में लिखा है कि जोखिम भरे देशों के यात्रियों की स्क्रीनिंग और 14 दिनों के क्वारंटाइन के साथ-साथ राज्यों को हॉटस्पॉट या उन क्षेत्रों पर नजर रखना जारी रखना चाहिए। भारत आने पर जोखिम भरे देशों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कोविड टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है।

# पीएम की अपील का असर नहीं

## हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। आज ही सरकार कृषि कानूनों की वापसी का बिल पेश करेगी। लोकसभा में पास होने के बाद इसे आज ही राज्यसभा में भी पेश करेगी। वहीं एमएसपी पर गारंटी कानून के लिए आज भी विपक्ष ने दोनों सदन में हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने स्थगन प्रस्ताव दिया है। विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी 12.19 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज यानी सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हो गया है। दोनों सदनों की कार्यवाही भी शुरू हो गई और हंगामा की भेंट भी चढ़ गई। संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी संसद पहुंचे।



### कोरोना के नए वैरिएंट से सावधान रहने की जरूरत- पीएम

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं सदन के सभी साथियों को भी इससे सावधान रहने की अपील करता हूं।

### देश के नागरिक एक उत्पादक सत्र चाहते

शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह संसद का एक महत्वपूर्ण सत्र है। देश के नागरिक एक उत्पादक सत्र चाहते हैं। वे उज्जवल भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं आशा करता हूं कि भविष्य में संसद को कैसा चलाया, कितना अच्छा योगदान रहा इस तराजू में तोला जाए न कि किसने कितना जोर लगाकर संसद के सत्र को रोक दिया। मानदंड ये होगा कि संसद में कितने घंटे काम हुआ कितना सकारात्मक काम हुआ।

## कृषि कानून वापसी बिल लोकसभा में पास



लोकसभा में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को कृषि कानून निरसन विधेयक 2021 पेश किया और कुछ देर बाद ही इसे पास कर दिया गया। वहीं विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कृषि के तीनों कानून वापस लेने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में आज कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। बता दें आज सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हो गया है। दोनों सदनों की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

## ये हंसता खेलता परिवार बना सूदखोरी का शिकार पांचवें सदस्य की भी मौत



**भोपाल।** सूदखोरों से परेशान होकर जहर खाने वाले परिवार के पांचवे और अंतिम सदस्य की भी मौत हो गई। संजीव जोशी की पत्नी अर्चना जोशी ने सोमवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले शनिवार को उनके पति संजीव जोशी और बड़ी बेटी ग्रीष?मा की मौत हो गई थी। वहीं शुक्रवार को उनकी सास और छोटी बेटी की मौत हो गई थी। इधर, पुलिस ने इस मामले में आरोपति चारों महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि न्यू अशोका विहार कालोनी आनंद नगर में रहने वाले संजीव जोशी (47), उनकी पत्नी अर्चना जोशी (45), संजीव की मां नंदनी (67), बेटी ग्रेशिमा (19) और छोटी बेटी पूर्वी जोशी (16) ने मिलकर पेय पदार्थ में मिलाकर गुरुवार रात को जहरीला पदार्थ पी लिया था। इंटरनेट मीडिया पर उनके वीडियो और सुसाइड नोट देखने के बाद रिश्तेदार और पुलिस निजी असपताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को संजीव की मां नंदनी और छोटी बेटी पूर्वी ने दम तोड़ दिया था। शनिवार को संजीव की बड़ी बेटी ग्रेशिमा की मौत हो गई थी।

**फटाफट खबरें**



### जीत सकता है न्यूजीलैंड पहला टेस्ट

**कानपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का आज पांचवां और आखिरी दिन है। आखिरी दिन लंच का समय हो गया है। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन के स्कोर में बिना कोई विकेट गंवाए 75 रन जोड़ लिए हैं। न्यूजीलैंड को अब जीत के लिए 205 रनों की आवश्यकता है जबकि भारत को 9 विकेट लेने होंगे।

### सनकी आशिक ने किए थे चार कत्ल

**प्रयागराज।** फाफामऊ के गोहरी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस ने पड़ोस के गांव में रहने वाले पवन सरोज को गिरफ्तार करते हुए बताया कि वह वारदात में मारी गई किशोरी पर बुरी नजर रखता था। उसे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर परेशान करता था। वारदात से कुछ घंटों पहले भी उसने उसे आई लव यू का मैसेज भेजा था। जिसके जवाब में किशोरी ने उसे मैसेज के जरिए ही जलील किया था। अफसरों का कहना है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य उसके खिलाफ हैं और इसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। उसका एक साथी व ममेरा भाई गायब है।



### जलती ट्राली दौड़ाई

**भिण्ड।** भिंड के मेहगांव इलाके में बीच बाजार से गुजरते वक्त अचानक पराली से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भीषण आग लग गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को सड़क पर जलती ही ट्रॉली समेत दौड़ता रहा और जलती हुई पराली सड़क पर फैलाता रहा है। आग का यह तांडव देखकर लोग दहशत में आ गए।

## महिला ने पुलिस कांस्टेबल की बच्ची को जिंदा दफनाया



**लुधियाना।** के शिमलापुरी इलाके में रविवार दोपहर को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक महिला ने पंजाब पुलिस के कांस्टेबल की ढाई साल की बच्ची को घर के बाहर से अगवा किया और उसे जिंदा ही जमीन में दफना दिया। घटना का पता उस समय चला जब बच्ची के परिवार वाले उसे ढूंढते हुए बाहर निकले लेकिन बच्ची कहीं नहीं मिली। जब आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो पता चला कि बच्ची को उसकी पड़ोसी महिला साथ लेकर गई है। जब उन्होंने महिला से पूछा तो उसने कोई सही जवाब नहीं दिया। इसके बाद बच्ची के परिवार वालों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना शिमलापुरी की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से सख्ती से पूछताछ की गई। महिला ने बताया कि वह बच्ची को सलेम टाबरी इलाके में दफना आई है, ये सुनकर सभी सन्न रह गए। पुलिस ने कांस्टेबल हरप्रीत सिंह की शिकायत पर आरोपी नीलम के खिलाफ अपहरण व हत्या के साथ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## मुंह में चरस छुपाकर जेल में ले जाते 3 प्रहरी पकड़ गए

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ मैं रविवार शाम को तीन जेल प्रहरी यों को मुंह में चरस छुपाकर अंदर ले जाते हुए पकड़ा है। जेल अधीक्षक उषा राज ने तीनों को सस्पेंड कर जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस को भी कार्रवाई के लिए शिकायत की जाएगी। रविवार शाम करीब 6.30 बजे प्रहरी यशपाल कहार जेल पहुंचा और अंदर जाने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान मुंह फूला होने से शंका होने पर गेट कीपर मंगल उईके ने उसे मुंह खोलने के लिए कहा। पहले उसने गुटखा होने का बहाना बनाया, लेकिन जबरन मुंह खुलवाया तो उसमें पन्नी में पांच ग्राम चरस मिली। अधिकारी उससे पूछताछ कर ही रहे थे ।

## मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस



### माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की लेंगे जानकारी, कोरोना की स्थिति की समीक्षा भी

**भोपाल।** मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कलेक्टर-कमिश्नर, आईजी-पुलिस अधीक्षक (एसपी) कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। इस दौरान वे माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की जानकारी लेंगे। प्रदेश में न्यूनतम समर्थ मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के साथ ही कोरोना की मौजूदा स्थिति पर इस बैठक में कोरोना की स्थिति को लेकर समीक्षा की जाएगी। साथ ही, कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।



### बेटे को काटा तो कुत्ते को बेरहमी से चाकू से काट डाला

**ग्वालियर।** इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे एक व्यक्ति कुत्ते को चाकू से बेरहमी से काट रहा है। जिस तरह से कसाई जानवर को काटता है उसी तरह से वह कुत्ते को गुस्से से काट रहा है और उसके टुकड़े टुकड़े कर देता है। इंटरनेट मीडिया पर वारयल इस वीडियो के बारे में पता किया गया तो सामने आया कि वीडियो डबरा के सिमरिया गांव का है। कुत्ते को बेरहमी से काटने वाला एक झोला छाप डॉक्टर है। अभी इस मामले में पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है। वीडियो को लेकर बताया जाता है कि एक झोला छाप डॉक्टर के बेटे को कुत्ते ने काट लिया था।

## कर्मचारियों के बंद ईपीएफ खाते फिर से शुरू किए जाएंगे

**भोपाल।** हर साल हजारों कर्मचारियों के खाते बंद कर दिए जाते हैं लेकिन अब नियम बदल रहे हैं। नए नियमों में प्रावधान किया जा रहा है कि कर्मचारियों के बंद हो चुके खातों को फिर से शुरू किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें मात्र ?500 न्यूनतम शुल्क अदा करना होगा। उल्लेखनीय है कि नौकरी छूट जाने के बाद अक्सर श्क्क्न अकाउंट बंद हो जाता है। एक अंग्रेजी वेबसाइट में छपी खबर के अनुसार ईपीएफओ इस नए नियम पर काम कर रहा है। जो कर्मचारी ईपीएफओ के सदस्य थे, लेकिन किसी कारण खाता बंद हो गया। वे महीने में 500 रुपए देकर या मासिक वेतन का 13 फीसद देकर ईपीएफओ से जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईपीएफओ जमा-लिंक्ड बीमा योजना पर इसके प्रभाव का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि का अनुमान है कि 2018-20 के दौरान लगभग 4.8 लाख लोग संगठन से बाहर हो गए हैं। जिनका डेटाबेस ईपीएफओ के पास आसानी से उपलब्ध है। साल 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण यह संख्या अधिक हो सकती है। इससे लाखों श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

## निवेशकों में कम हुआ वैरियंट का खौफ

### सेंसेक्स 436 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 17 हजार के पार

**नई दिल्ली।** आज बड़ी गिरावट के साथ शुरुआत करने के बाद आखिरकार बाजार में रौनक वापस लौट आई है। कोरोना के नए ओमिक्रॉन वैरियंट का डर निवेशकों में कम होने के चलते शुरुआती गिरावट तेजी में बदल गई। फिलहाल, बीएसई का सेंसेक्स 436.55 अंक या 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 57,543.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि एनएसई का निफ्टी 113.55 अंक या 0.67 फीसदी तेजी के साथ फिर से 17 हजार का आंकड़ा पा चुका है और 17,140 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बाजार शुरू होते ही 668 अंक टूटा था सेंसेक्स गौरतलब है कि आज बाजार हरे निशान पर खुला अगले ही मिनट में धड़ाम हो गया। बाजार खुलते ही बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 668 अंक की गिरावट के साथ 56,400 के स्तर पर पहुंच गया और एनएसई का निफ्टी 248 अंक टूटकर 16,900 तक लुढ़क गया। इसके बाद एक बार सेंसेक्स 725 अंक तक टूट गया था। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए रूप के बढ़ते प्रकोप के बीच कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1687.94 अंक या 2.87 फीसदी की गिरावट के साथ 57,107.15 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई का निफ्टी 509.80 अंक या 2.91 फीसदी टूटकर 17026.45 के स्तर पर बंद हुआ था।



## संसद का घेराव और खालिस्तानी झंडा फहराने की साजिश



**नई दिल्ली** सिख फॉर जस्टिस संगठन द्वारा किसानों से संसद का घेराव करने और खालिस्तानी झंडा फहराने की अपील करते हुए एक ऑनलाइन वीडियो जारी करने के बाद खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों ने खुफिया एजेंसियों द्वारा सतर्क रहने के लिए कहा है। सिरसा में किसान आंदोलन के तहत संसद तक ट्रैक्टर यात्रा को लेकर शनिवार को फोन कॉल भी आई। इसमें ट्रैक्टर लेकर संसद कूच का आह्वान किया गया। साथ ही खालिस्तान का झंडा लेकर जाने की बात कही गई। कॉल के दौरान कहा गया कि सिख फॉर जस्टिस इसके लिए सवा लाख डॉलर देगा। शनिवार को लोगों के मोबाइल पर कॉल आई। इसमें 29 नवंबर को ट्रैक्टर लेकर संसद कूच का आह्वान किया गया। खास तौर पर पंजाब के किसानों और युवाओ को पंजाबी में संबोधित करते हुए कहा जा गया कि खालिस्तान का केसरी झंडा लेकर चढ़ जाओ। इस पर सिख फॉर जस्टिस सवा लाख डॉलर देगा।




## भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल बोला मेरा फिर से हो सकता है अपहरण



**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा क्से अपहरण होने की आशंका जताई है। मेहुल चोकसी ने कहा कि उसे डर है कि फिर से अपहरण किया जा सकता है। न्यूज एजेंसी से विशेष बातचीत में चोकसी ने कहा, मेरा फिर से अपहरण कर गुयाना ले जाया जा सकता है, जहां अच्छी खासी भारतीयों की उपस्थिति है। वहां से गैरकानूनी और अवैध तरीके से भारत भेजने की प्रक्रिया की जा सकती है। चोकसी ने बताया कि वे खराब सेहत की वजह से फिलहाल एंटीगुआ में अपने घर पर है, लेकिन मुझे इसका एहसास है कि भारत ले जाने के लिए मेरा एक बार फिर से अपहरण किया जा सकता है। चोकसी ने कहा कि वो पिछले कुछ महीनों डरे और सहमे हैं। खराब स्वास्थ्य के कारण अपने घर से भी बाहर नहीं निकल पाते हैं। मेहुल चोकसी ने आरोप लगाया, फ्रमेरे वकील एंटीगुआ और डोमिनिका दोनों मामले लड़ रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं इस कांड से बरी होऊंगा, क्योंकि मैं एक एंटीगुआन नागरिक हूं, जिसे मेरी इच्छा के विरुद्ध एक अलग देश में अपहरण, अपहरण और मेरी इच्छा के विरुद्ध ले जाया गया था।

## कमबख्त इश्क — भारतीय पति ने पढ़वा दिया पत्नी का निकाह

**वेब डेस्क।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान गए जत्थे के साथ गई कोलकाता की महिला ने पाकिस्तान में अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। महिला ने अपने पति की अनुमति से प्रेमी के साथ पुलिस की मौजूदगी में लाहौर की मस्जिद में निकाह किया। इससे पहले महिला ने वहां इस्लाम धर्म कबूल किया। महिला और उसका पहला पति दोनों ही मूक बधिर हैं। महिला का दूसरा पति मूक बधिर है। हालांकि शादी के बाद पाकिस्तान सरकार द्वारा वहां रहने की मंजूरी नहीं दिए जाने पर महिला अपने भारतीय पति के साथ वाघा-अटारी सरहद के रास्ते वापस कोलकाता लौट गई।

### 24 नवंबर को लाहौर में हुई शादी

पासपोर्ट के मुताबिक कोलकाता की रहने वाली महिला का जन्म लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। वह 17 नवंबर को अटारी के रास्ते सीमा पार कर पाकिस्तान में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने के लिए जत्थे के साथ गई थी। सूत्रों के मुताबिक 23 नवंबर को जब जत्था लाहौर पहुंचा, तो महिला वहां के मोहम्मद इमरान के पास पहुंच गई। उसने दस्तावेज तैयार करवाए और 24 नवंबर को इमरान के साथ लाहौर में शादी कर ली। शादी से पहले उसने इस्लाम कबूल किया और अपना नाम प्रवीण सुल्ताना रखा। शादी के बाद इस महिला और उसके पाकिस्तानी पति ने लाहौर की अदालत में अपील दायर करते हुए महिला के पाकिस्तान में रहने की इजाजत मांगी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। जिसके बाद यह महिला अपने भारतीय पति के साथ लौट आई। यहां पहुंचने के बाद उसने पाकिस्तान का वीजा अप्लाई करने के संकेत दिए। दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह सरना ने कहा कि इस तरह का कदम भविष्य के लिए खतरा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता की रहने वाली महिला दो साल पहले सोशल मीडिया पर इमरान के संपर्क में आई। दोनों चैटिंग करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। इसके बाद से ही वह पाकिस्तान जाने का प्रयास कर रही थी। 17 नवंबर को जत्थे के साथ वह पाकिस्तान जाने में सफल हो गई। यह पहला मामला नहीं जिसमें भारतीय महिला ने पाकिस्तान के युवक से शादी की है। 24 अक्तूबर 2018 को बठिंडा की विवाहिता व दो बच्चों की मां को गुजरांवाला (पाकिस्तान) के रहने वाले मोहम्मद सुलेमान के साथ सोशल मीडिया पर प्यार हो गया। यह महिला भी जत्थे के साथ पाकिस्तान गई। वहां इसने सुलेमान के साथ शादी कर दी। 12 अप्रैल 2019 को होशियारपुर निवासी तीन बच्चों की मां भी पाकिस्तान गई और वहां पहुंचने के चार दिन बाद ही आजम के साथ शादी कर ली।



# कटनी स्टोन को बढ़ावा देने करेंगे हर संभव प्रयास-प्रभारी मंत्री

## एक जिला एक उत्पाद में कटनी में हुआ सबसे बेहतर काम- विधायक संजय पाठक

### आधारशिला स्टोन फेस्टिवल का समापन, प्रभारी मंत्री ने किया शिल्पकारों का सम्मान

**कटनी।** एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी स्टोन को बढ़ावा देने के लिए जागृति पार्क में आयोजित 20 दिवसीय कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला का रविवार को समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सरकार के वित्त, वाणिज्य कर एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री श्री देवडा के साथ अतिथि के रुप में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा सहित अन्य अतिथियों ने देश भर से कटनी के स्टोन पर शिल्पकारी करने आए शिल्पकारों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। शिल्पकारों के सम्मान में जागृति पार्क का ओपन थिएटर तालियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि कटनी के स्टोन को पहचान दिलाने के साथ ही अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी इसकी मार्केटिंग की है। श्री देवड़ा ने कहा कि इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने स्टोन को अच्छा बाजार मिले, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही और कहा कि सरकार की ओर से स्टोन को बढ़ावा देने जो सकता है, वह काम किया जाएगा। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेन्द्र पाठक ने आयोजन की तारीफकी और कहा कटनी स्टोन को नई पहचान दिलाने का जिला प्रशासन ने जो काम प्रारंभ किया, उससे देश विदेश में इसकी पहचान बनेगी और निश्चित ही स्टोन के माध्यम से नए अवसरों को सृजन होगा। श्री पाठक ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद को लेकर कटनी में सबसे बेहतर काम हुआ है।




### नगर की प्रतिभाओं का भी किया गया मंच से सम्मान

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला के आयोजन के दौरान जिले की प्रतिभाओं को आगे लाने भी विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। बाल दिवस पर पेंटिंग, भाषण, कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जबकि कटनी गॉट टैलेंट के माध्यम से जिले के कलाकारों को भी मंच प्रदान किया गया था। विभिन्न प्रतियोगिताओं और कटनी गॉट टैलेंट में सहभागिता कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने मंच से प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया।

### शिल्पों पर आधारित कैटलॉग का किया गया विमोचन

आधारशिला कटनी स्टोन ऑर्ट फेस्टिवल के समापन कार्यक्रम में कटनी के स्टोन पर शिल्पकारों के द्वारा बनाए गए शिल्पों पर आधारित कैटलॉग का विमोचन किया गया। इस कैटलॉग में आधारशिला आयोजन में शिल्पकारों द्वारा बनाई गई प्रत्येक कलाकृति के छायाचित्र के साथ ही उसके संदेश को भी स्थान दिया गया है।

### डीएमएफके लोगो का हुआ विमोचन

जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के लोगो का विमोचन भी आधारशिला के समापन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि एमपी मायगॉव के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री डिजायन के लिए मंगाई गई थी, इसके लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छतरपुर निवासी नरेश अग्रवाल के द्वारा डिजायन किए गए लोगो का चयन किया गया, जिसका विमोचन कार्यक्रम में किया गया।

### शिल्पकारों ने भी बांटे अपने अनुभव

आधारशिला स्टोन फेस्टिवल में देश के अलग-अलग प्रदेशों से आए शिल्पकारों ने भी मंच से आयोजन को लेकर अपने अनुभव शेयर किए। शिल्पकारों ने कटनी के स्टोन को शानदार स्टोन बताते हुए कहा कि इसमें बहुत ही संभावनाएं हैं और उसे तराशने का काम जिला प्रशासन कर रहा है। शिल्पकारों ने कटनी में आयोजन के दौरान की गई व्यवस्थाओं को लेकर भी जिला प्रशासन और आयोजकों की प्रशंसा की। इस दौरान प्रधान जिला पंचायत ममता पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# मलिक बंधुओं के ध्रुपद गायन ने बांधा समां

### राग जोग, महाकाल पद के साथ ही अन्य रचनाओं की दी सुरमयी प्रस्तुति, श्रोता हुये मंत्रगुग्ध




**कटनी।** आधारशिला कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के समापन अवसर पर रविवार को शास्त्रीय संगीत की प्राचीन विधा पर आधारित ध्रुपद गायक कलाकार पंडित प्रशांत मलिक और पंडित निशांत मलिक द्वारा ध्रूपद की रचनाओं की प्रस्तुतियां की गई। इस अवसर पर मलिक बुंधुओं ने शहर के माधवनगर स्थित जागृति पार्क में श्रोताओं को ध्रुपद गायन शैली सें रूबरू करवाया। इस दौरान मलिक बंधुओं के रागों में छिड़े सुरों पर पंडित मृणल मोहन उपाध्याय ने पखावज पर तालों में बांधे रखा। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, जिला पंचायत प्रधान ममता पटेल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी मौजूद रहे। रुपद गायक पंडित प्रशांत मलिक, दरभंगा घराने के 13वीं पीढ़ी के कलाकार हैं। कार्यक्रम में उन्होने शास्त्रीय संगीत की प्राचीन गायन पद्धति ध्रुपद की संक्षिप्त जानकारी श्रोताओं के समक्ष दी। उन्होने बताया कि ध्रुपद गायन इतना पुराना है कि इसका विवरण सामवेद में मिलता है और माना जाता है कि सामवेद से ही इसकी उत्पत्ति हुई है। दोनों कलाकारों ने ध्रुपद गायन के साथ युवाओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को सरल भाषा में बताया।

### राग जोग में प्रस्तुत की पहली रचना

मलिक बंधुओं ने ध्रुपद गायन में सर्वप्रथम राग जोग में अपना गायन प्रारंभ किया। जिसमें आलाप, जोड़, झाला की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में तीनों सप्तकों में झूलते हुये सुरों पर पखावज की ताल ने रचना को बांधे रखा। इस प्रस्तुति ने जहां श्रोताओं को सुर और ताल में मंत्रमुग्ध होकर इस कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। जिसके बाद महाकाल का पद कृपालं महाकाल की प्रस्तुति मंच से मलिक बंधुओं द्वारा प्रस्तुत की गई। भगवान महाकाल पर आधारित रचना की प्रस्तुति के दौरान पूरा माहौल शिवमय हुआ और श्रोताओं ने इस रचना की भावविभोर होकर इसका आनंद लिया। वहीं इस कार्यक्रम में गायन के साथ ही पखावज पर मृणाल मोहन उपाध्याय ने भी अपने उत्कृष्ट पखावज वादन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष रामरतन टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद रहे।



# नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख की ठगी

**कटनी।** आसाम की रहने वाली महिला को रेल्वे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई। रंगनाथ थाने में आई शिकायत में कहा गया कि आसाम की रहने वाली महिला को रेल्वे में नौकरी लगवाने के नाम पर शुभम खरे नाम के व्यक्ति ने तीन लाख तीस हजार रु ले लिए है । मुआमेनला आओ नामक महिला ने बताया कि शुभम खरे से उसकी मुलाकात एक वर्ष पूर्व हुई थी उसने अपने को रेल्वे का उच्च अधिकारी बताकर महिला की नौकरी भी रेलवे मे लगवाने की बात कही और उसको बकायदा रेलवे का लेटर भी दिया है। जिसमे उसका नाम भी है शुभम ने कुछ मेल भी किया है जिसकी एवज में महिला से तीन लाख तीस हजार रुपए ले लिया है। जिसके बाद से शुभम खरे गायब हों गया है़। रंगनाथ थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि जांच की जा रही है़ । शुभम ने मुआमेनला आओ से कहा तहस कि रेलवे में वह जीएम है।

## मंत्री और विधायक ने दी पुष्पांजलि



कटनी। सतना विभाग के विभाग संघ चालक शिकशोर बगड़िया के पिताजी एवं विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत के पूर्व प्रांताध्यक्ष कैलाश चन्द्र बगड़िया के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदनायें व्यक्त की।



# तीन दिवसीय 67 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 24 दिसंबर से



**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 67 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 24 25 26 दिसंबर को संपन्न होने जा रहा है अधिवेशन की तैयारियों को लेकर को लेकर के बृजवासी होटल में बैठक संपन्न हुई । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 67 वा राष्ट्रीय अधिवेशन 60 सालों बाद महाकौशल प्रांत संस्कारधानी जबलपुर को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसमें देश भर से हजारों छात्र -छात्राये एवं विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता राष्ट्र के पुनिर्माण हेतु सम्मिलित होंगे आज की बैठक में अधिवेशन की तैयारियों को लेकर के बैठक की गई जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परषिद के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री प्रफुल्लकांत , मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठनमंत्री चेतस , महाकौशल प्रान्त के प्रान्त प्रमुख डॉ. रघुराजकिशोर तिवारी भाईसाहब का आज कटनी प्रवास हुआ जिसमें कटनी जिला के पूर्व कार्यकताओं ओर वर्तमान कार्यकर्तओं के साथ बैठक की गई जिसमे हम सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव सप्ताह पर कार्यक्रम की सराहना

# मन की बात में कटनी के किस्सागोई की चर्चा




**कटनी।** पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव पर उत्सव मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटनी में आजादी के अमृत महोत्सव और जनजातीय गौरव सप्ताह अंतर्गत कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में जागृति पार्क में आयोजित किस्सागोई कार्यक्रम का रविवार को उल्लेख किया। मोदी ने कटनी के कार्यक्रम की मन की बात में तारीफ भी की। पीएम ने मन की बात में जनजातीय गौरव दिवस और मध्यप्रदेश के कटनी के कुछ रंगमंच के साथियों के दास्तान कार्यक्रम का उल्लेख। इस कार्यक्रम में प्रस्तुत रानी दुर्गावती के अदम्य साहस और बलिदान के उल्लेख का हवाला देकर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अलग-अलग कालखंड में जन जागृति में जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी की अगुवाई में आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत विविध आयोजन किए जा रहे हैं। जनजातीय गौरव दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल कार्यक्रम के दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती की अदम्य साहस को लखनवी अंदाज में कलाकार हिमांशु बाजपेयी व प्रज्ञा शर्मा ने किस्सागोई के रूप में प्रस्तुत किया था। 21 नवंबर को कटनी स्टोन का प्रमोट करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत ''दास्तान रानी दुर्गावती की'' का आयोजन किया गया था। इसमें लखनवी अंदाज में लखनऊ के कलाकार हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा ने रानी दुर्गावती की वीरता पर किस्सागोई की प्रस्तुति दी थी।


### किस्सागोई का सरताज है हिन्दुस्तान

किस्सागोई विद्या का सरताज हिन्दुस्तान है। कथा सुनाने की परंपरा हमारे यहां से निकलने के बाद ही दुनिया भर में फैली। जिस तरह से किस्सा कहना एक कला है, उसी तरह से किस्सा सुनना भी एक कला है। रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित किस्सा गोई कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन का उद्देश्य यह था कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने जिस तरह से खुद को रखा और आजादी की, अधिकारों की बात की वह प्रेरणादायी है। उन्होंने विस्तारवादी नीति का प्रतिकार किया और उनकी कहानी आमजन के मन में एक विश्वास पैदा करने वाली है। इसको ध्यान में रखकर लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा देने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो
ता. 25 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
सत्यमेव जयते-2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है




सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो
ता. 26 से
दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 9 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है




नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 29 से
दोपहर 12 एवं 3 बजे से
अंतिम
कलाकार-सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है




यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033



# जहरीली वस्तु खाने से 17 गायों की मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन एरिया में मिलो की बेस्ट खाने से 17 गायों की मौत हो गयी है। सभी मृत गायों का शव परीक्षण करने पशु चिकित्सालय लाया गया। पशु डॉक्टर द्वारा सभी गायों की मौत की जांच की जा रही है और पुलिस द्वारा मौके पर जांच की जा रही है कि गायों की मौत कैसे ओर किस प्लांट के बेस्ट से हुई है।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 29 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# टनल कार्य ने राष्ट्रीय राजमार्ग ब्रिज को किया पार,अब नगर की ओर बढ़ेगा कार्य

## अपर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया अपस्ट्रीम व ब्रिज का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

**कटनी। स्लीमनाबाद बरगी व्युपतर्जन योजना के तहत स्लीमनाबाद मैं चल रहे टनल निर्माण कार्य ने शनिवार को राहत भरी खबर दी। टनल निर्माण कार्य स्लीमनाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मैं तिहारी ब्रिज को पार कर ली। लगभग 1 माह चले कार्य के बाद टनल कार्य ब्रिज को पार करने मे सफल हुई। अब टनल का कार्य स्लीमनाबाद नगर यानि रिहायशी क्षेत्र की ओर चलेगा। जिसके लिए मकान मालिकों को घर खाली कर व दूसरे स्थल पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया दिसम्बर माह मैं चलेगी। गौरतलब है कि ब्रिज को पार करने मे टनल कार्य मैं दो बार बाधा आई। जब एक बार सिंक पोल ब्रिज के ऊपर हुआ था ओर दूसरा दो दिवस पूर्व जब ब्रिज का निचला हिस्सा ध्वस्त हो चुका था।**





### कार्ययोजना बनाकर मकान मालिकों को करें शिफ्ट, अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

स्लीमनाबाद मैं चल रहे टनल निर्माण कार्य का जायजा लेने शनिवार की देर शाम जिले के अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो व पुलिस अधीक्षक सुनील जैन ने स्लीमनाबाद ब्रिज व अप स्ट्रीम सलैया फाटक डहुली पहुँचे। अपर कलेक्टर ने स्लीमनाबाद में ब्रिज ध्वस्त होने व आगे टनल कार्य की जानकारी एनवीडीए के अधिकारियों से ली। एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि टनल ने ब्रिज को पार कर लिया है। वर्तमान पर सर्विस रोड पर कार्य पहुँच चुका है। सर्विस रोड पार करते ही बहोरीबंद मार्ग पर कार्य पहुचेंगा। आगे फ्रि स्लीमनाबाद नगर की ओर बढ़ेगा। नगर मैं टनल कार्य के दौरान कितने मकान आएंगे उनका सर्वे पूर्ण हो चुका है।उनको मकान खाली कराने नोटिस की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### जून 2023 तक टनल का कार्य होगा पूर्ण

मकान मालिक स्वयं से भी कही भी शिफ्ट हो सकते है या एनवीडीए शिफ्ट करने की भी प्रक्रिया करेगा। टनल कार्य के दौरान यदि कोई भी मकान क्षतिग्रस्त होता है तो उसे तुरतं राहत राशि प्रदान की जाएगी। टनल कार्य के दौरान जितना समय लगेगा मकान मालिकों को रहने, खाने व ट्रांसपोर्ट का खर्चा व्यय किया जाएगा। नियत समय-सीमा जून 2023 तक टनल का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बरगी व्यपर्वतन परियोजना की स्लीमनाबाद टनल की लागत 799 करोड़ रूपये तथा लम्बाई 11.95 किमी. है। इसमें से 7.100 कि.मी. का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 4.500 कि.मी. का कार्य शेष है। स्लीमनाबाद समीप राष्ट्रीय राजमार्ग में अभी आवागमन बंद रहेगा। क्योंकि ब्रिज का निचला हिस्सा धंस गया है। एनएचएआई के अधिकारियों का दल 2 दिसम्बर को उक्त स्थल का निरीक्षण करेगा। जिसके बाद ब्रिज के ध्वस्त हुए निचले हिस्से का मरम्मतीकरण कार्य होगा। इस दौरान एसडीएम संघमित्रा गौतम, एसडीओपी मोनिका तिवारी, तहसीलदार डी एस मरावी, टी आई संजय दुबे सहित एनवीडीए के अधिकारी-कर्मचारियों का दल उपस्थित रहा।

# भव्य प्रवाह गीत प्रतियोगिता में निखरी बच्चों की प्रतिभा






**कटनी।** विगत दिवस कटनी के प्रतिष्ठित विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल में भव्य गीत प्रतियोगिता प्रवाह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ शाला निर्देशिका श्रीमती जूही जैन के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया त्तपश्चातमुख्य अतिथि का शाला निर्देशिका द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। संगीत शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी द्वारा सरस्वती वंदना का सुमधुर स्वर में गायन हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर प्रियांक मिश्रा रहे। उन्होंने प्रभावशाली ढंग से विद्यार्थियों को उदबोधित किया व सारगर्भित गीत नदिया चले चले रेधारा गंगा चले चलेरे तारातुझको चलना होगा जैसे सुमधुर गीर का गायन कर सबको मंत्रमुध कर दिया। विद्यालय निदेशिका श्रीमती जूही जैन, एडमिनिस्ट्रेटर सर, प्राचार्या, उप प्राचार्या, व शाला शिक्षको की उपस्थिति सराहनीय रही। निर्णायक मंडल में जबलपुर से आये संगीत के प्रकांड विद्वान अभय सोहाले व सायना स्कूल के राकेश सिलोदिया व शोभराज सोनी की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा रही थी।

तालियों की गड़गड़ाहट में विद्यालय के शिक्षक अजीत दुबे, अभिषेकमिश्रा, व धर्मेंद चौधरी द्वारा गीत प्रतियोगिता से पहले सुंदर गीतों का गायन सुमधुर स्वर में करके श्रोताओं का मनोरंजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन शाला शिक्षिका नीतोश्री द्विवेदी व नेहा श्रीवास्तव द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया। तबला गुरु रजनीश विश्वकर्मावसगीत सम्राट धमेंद्रचौधरी सर का इस प्रतियोगिता में विशेष योगदान रहा। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसमें बच्चों, युवा, प्रौढ सभी को गाने का अवसर मिला। कक्षा प्रथम से लेकर बारहवी तक के विद्यार्थी व कटनी शहर केजगह जगह से आए प्रतिभागी इस कार्यकम की शोभा बढ़ा रहे थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चो के सुंदर गीतों से हुआ उनकी आवाज का जादू प्रत्येक श्रोता को मुग्ध कर रहा था। निर्णायक मण्डल भी मुग्ध होकर गानों को सराह रहा था व निर्णय लेने में विचलित दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का निर्णय इस प्रकार रहा। जूनियर पहला स्थान आस्था अवस्थी, दूसरा स्थान अनुल्या त्रिपाठी, तीसरा स्थान आशुतोष चन्द्र सब जूनियर पहला स्थान जविश नागदेव, दूसरा स्थान श्रृष्टिनागदेव, तीसरा स्थान राही भट्टाचार्य सीनियर पहला स्थान वेंकटेश दूसरा स्थान मुस्कान उरमलिया, तीसरा स्थान राजेश सोनी आदि की उपस्थिति रही।

## क्षत्रिय समाज ने मंत्री पद से बर्खास्त करने हेतु सौंपा ज्ञापन

# खाद्य आपूर्ति मंत्री के विवादित बयान के विरोध में फूंका पुतला





**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन में खाद्य आपूर्ति मंत्री बिसाहू लाल सिंह द्वारा जिला अनूपपुर के फुनगा में सर्वजन सुखाय सामाजिक नारी रत्न समारोह कार्यक्रम में ठाकुर समाज व क्षत्राणियों के विरुद्ध अमर्यादित बयान देकर क्षत्रिय राजपूत समाज की नारी शक्ति के साथ साथ संपूर्ण नारी समाज का अपमान कर क्षत्रिय राजपूत समाज के रक्त को चुनोती दी है। क्षत्रिय समाज ने कहा है कि इस अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विवादित व अमर्यादित बयान के विरुद्ध अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा कटनी व संपूर्ण क्षत्रिय समाज द्वारा कटनी पुरानी कचहरी चौक से कोतवाली होते हुए सुभाष चौक व कचहरी चोक तहसील ऑफिस में तहसीलदार के द्वारा मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम ज्ञापन सौपकर मंत्री की तत्काल बर्खास्त किये जाने की मांग कर कचहरी चौक में झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा के सामने मंत्री का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया कि इतिहास गवाह है कि राजपूत समाज द्वारा भारत को विदेशी ताकतों के आक्रमण से 600 वर्षो तक अपना बलिदान देकर भारत देश रक्षा की है। और हम हमेशा हर वर्ग एसमाज का सम्मान करते है किंतु किसी को भी क्षत्रिय समाज के अपमान का अधिकार नहीं देते। क्षत्रिय अपना व नारी शक्ति का सम्मान हेतु लड़ना जनता है हम अहिंसात्मक तरीके से बिसाहू लाल सिंह की बर्खास्तगी तक आंदोलन करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा सिंह, शुभांगी सिंह, उर्मिला सिंह, राजभान सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, सत्यराज सिंह, शशांक सिंह, सोनू सिंह सोंलकी, मनोज सिंह, अशोक सिंह, जसवेंद्र सिंह, विकास सिंह, देवेंद्र सिंह, युवराज सिंह, अखंड प्रताप सिंह, मनीष सिंह, रवि सिंह, आदित्य सिंह, जगदीश सिंह, संतोष सिंह आदि सैकड़ो क्षत्रिय राजपूत उपस्थित रहे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस की जनजागरण यात्रा



**कटनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में महंगाई के विरोध में जन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया यह पदयात्रा केलवारा कला से घंघरी खुर्द होकर घांघरी कला में नुक्कड़ सभा के माध्यम से सरकार को घेरा गया जिसमें सरकार द्वारा खाद्य सामग्री पेट्रोल डीजल रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष पंकज गौतम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश द्विवेदी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवकुमार जालिम यादव राजेश जाटव, राकेश पटेल, पार्थ समाधिया अहमद कुरेशी संतु तिवारी पंचम लाल सेन, अशोक गर्ग, दिनेश गौतम, घनश्याम पटेल, आकाश पांडे, लखपति आदिवासी, संपत लाल, पन्नालाल पटेल, राजकुमार पांडे, सुदर्शन आदिवासी, छोटा लाल यादव पिंकू नामदेव सचिन नामदेव संतु आदिवासी मुन्ना लाल चक्रवर्ती चितरंजन सेन, अशोक पटेल, इमरान खान, शंकर साहू, पवन दुबे, घनश्याम पटेल, समुद्र सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता इस पद यात्रा में शामिल हुए।



# नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**कटनी।** जांयट्स ग्रुप ऑफ़कटनी सहेली द्वारा नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन रबड़ फैक्ट्री रोड राजीव गांधी वार्ड में रविवार 28 नवंबर को 11 बजे से आयोजित किया गया जिसमें डॉक्टर नवीन कुमार करण एमडी फिजिशियन ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर सुब्बाराव डॉक्टर आदित्य तिवारी फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर पी डी सोनी शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों को निशुल्क सेवाएं और जरूरतमंदों को दवाइयां प्रदान की गई जिसमें जिसमें डॉक्टर नवीन कुमार करण द्वारा मरीजों को डायबिटीज के दौरान कैसे खान.पान रखना चाहिए और शुगर लेवल को कैसे मेंटेन करना है और बाकी लोगों को कैसे डायबिटीज से जागरूक करना है यह नवीन करण द्वारा बताया गया उसी कड़ी में डॉक्टर सुब्बाराव द्वारा अभी सर्दी के मौसम में कैसे हम बच सकते हैं ऐसे सर्दी के कारण कान में गले में प्रॉब्लम हो जाती है तो 100 से ज्यादा मरीजों को लाभ हुआ जिसमें डॉक्टर स्वती करण सहेली ग्रुप से ग्रुप संस्थापक गीता जोशी, ग्रुप अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव, यूनिट डायरेक्टर दीपिका शर्मा, वरिष्ठ सदस्य रत्ना मिश्रा, गौरी साहू, गीता पाठक, ममता गर्ग, गीत माला पांडे, मार्बल सिटी से नंदिता करण रणबीर करण और सभी सहेलियों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में सभी सहेलियों ने डॉक्टर का आभार प्रकट किया।

# शिविर में 382 मरीजों का किया इलाज





**कटनी।** शिविर मतवार पड़रिया में 382 मरीजों का इलाज किया गया तथा 38 मरीजों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाई गई, शिविर मे डॉक्टर यशवंत वर्मा सर सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय कटनी, डॉ. एलएन खंडेलवाल सर, डॉ अशोक बीवन कीं सर, डॉ. प्रवीण वैश्य सर डॉ पी डी सोनी सर, डॉ व्हाई सुब्बा राव सर, डॉ हरीश बजाज सर, डॉ मनीष गट्टानी सर, डॉक्टर नरेंद्र झामनानी, डॉक्टर पूनम बजाज, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ सुषमा गट्टानी, डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ हरचंदानी सर, डॉ. शोभित बीवनकीं, डॉ रेनू चौधरी डॉक्टर अभिषेक शर्मा की उपस्थिति मैं शिविर सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई, शिविर में उपस्थित सभी सदस्यगणों का धन्यवाद दिया।

## माम्स चैरिटी क्लब द्वारा सेवा कार्य

**कटनी।** माम्स चैरिटी क्लब कटनी अपने सेवा कार्यो के माध्यम से नगर में अपनी विशेष छवि स्थापित करने में सफल रहा है। इसी श्रंखला में मुख्य कटनी स्टेशन में एक स्ट्रेचर तथा मुरवारा कटनी स्टेशन में समाज सेवी श्रीमती वंदना बगड़िया के सौजन्य से प्राप्त एक व्हील चेयर प्रदान की गई। जिसमे क्लब की सदस्याओं श्रीमति दमयंती बाठला, श्रीमति सतबीर कौर लाम्बा, श्रीमति अनीता वेश्य, श्रीमति सुमन जैन, श्रीमति रजनी अग्रवाल तथा श्रीमति प्रमिला बाठला के साथ साथ स्टेशन अधीक्षक कटनी संजय दुबे, दिलीप बसानी व आरसे, सीटीआई कैलाश रजक एवं एमजेएस लाम्बा उपस्थिती उल्लेखनीय रही




# पीके महार बने जिला इंटक परिषद के उपाध्यक्ष

**कटनी।** जिला इंटक परिषद के बरगवां स्थित कार्यालय में जिला परिषद के अध्यक्ष बीएम तिवारी ने पीके महार को नियुक्ति पत्र देकर परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्ति किया है एवं शुभकामनाएं प्रेषित की परिषद के उपाध्यक्ष बनने पर श्री महर को इंटक के संरक्षण रामनरेश त्रिपाठी, इंटक महामंत्री राजा जगवानी, विधिक सलाहकार इंटक एडवोकेट सुजीत द्विवेदी, प्रवक्ता देवीदीन गुप्ता, अंचल खम्परिया, अरुण रजक, नितिन बाल्मीक सहित लोगों ने शुभकामनाएं दी।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# कटनी के स्टोन को मिले नई पहचान-प्रभारी मंत्री

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री



**कटनी। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी के स्टोन का चयन कर उसकी पहचान देश विदेश में हो, इसके लिए आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला से निश्चित ही स्टोन को नई पहचान मिलेगी। देश भर से आए शिल्पकारों ने हमारे जिले के पत्थर पर कलाकृतियों का निर्माण कर उसे परखा है और उनके अनुभवों से आने वाले समय में कटनी के स्टोन की मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह बात प्रदेश सरकार के वित्त, वाणिज्यकर और जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के अंतर्गत जागृति पार्क में कटनी के स्टोन पर देशभर से आए शिल्पकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कही। इस दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेन्द्र पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष , कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी उपस्थित रहे।**

### शिल्पकारों की कलाकृतियों को प्रभारी मंत्री ने देखा, सराहना की

जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कटनी के स्टोन पर शिल्पकारों द्वारा गढ़ी गई शिल्प को देखा और उनकी तारीफकी। साथ ही शिल्पकारों से कटनी के स्टोन में आगामी संभावनाओं को लेकर चर्चा भी की। देशभर से आए शिल्पकारों की कलाकृतियों के साथ ही प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने जिले के बिलहरी के शिल्पकारों की कलाकृतियों को भी देखा और उनसे चर्चा कर उनकी कलाकारी की तारीफकी। सीमेंट के माध्यम से पं. बंगाल के कलाकारों द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं का भी प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने शिल्पकार रमनदीप सिंह, मनदीप खैरा मनसा पंजाब, प्रदीप बी जोगडांड मुंबई, हरपाल सिरसा हरियाणा, विनय अंबर जबलपुर, रमेश चंद्रा, रवि कुमार, नीरज विश्वकर्मा उत्तरप्रदेश, योगेश के प्रजापति नई दिल्ली, हंसराज कुमावत जयपुर, डीवी मुरूगन तमिलनाडू, सुप्रिया अंबर जबलपुर से उनके द्वारा बनाई गई शिल्प के संबंध में भी जानकारी ली।

### 20 दिन तक हुए विविध आयोजन

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक किया गया था। 20 दिनों तक देश के अलग-अगल हिस्सों से शिल्पकारों ने कटनी के स्टोन पर अलग-अलग कलाकृतियों का निर्माण किया। लोगों को जहां शिल्पकलाओं से परिचित होने का अवसर मिला तो विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी इस दौरान आयोजन हुआ। बाल दिवस पर जागृति पार्क में बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें चित्रकला, भाषण, गीत, कविता आदि की बच्चों ने प्रस्तुति दी। साथ ही फूड फेस्टिवल का भी आयोजन हुआ और उसमें लोगों ने परिवार सहित व्यंजनों का लुत्फ उठाया तो कटनी की प्रतिभाओं को मंच देने कटनी गॉट टेलेंट का दो दिवसीय आयोजन भी किया। जिसमें जिले की प्रतिभाओं ने मंच से डांस, सांग, कविता सहित अन्य विद्याओं की प्रस्तुति दी। जनजातीय गौरव सप्ताह अंतर्गत स्टोन फेस्टिवल के दौरान लखनऊ के कलाकार हिमांशु बाजपेयी व प्रज्ञा शर्मा ने वीरांगना रानी दुर्गावती दास्तान पर किस्सागोई की प्रस्तुति दी तो मैहर के प्रसिद्ध मैहर वाद्यवृंद के कलाकारों ने भी मंच से शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर मलिक बंधुओं ने ध्रुपद गायन की प्रस्तुति जागृति पार्क के मंच से दी।



## तिलक कॉलेज में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण

**कटनी।** संविधान दिवस के पावन अवसर पर शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे जी के संरक्षण में संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं महिला बाल विकास विभाग कटनी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कटनी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. चित्रा प्रभात, विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री दिनेष नोटिया एडीजे, श्री वी.डी. दीक्षित जिला विधिक सहायता अधिकारी, सुश्री वंष कुरवैती, श्री मनीष तिवारी जी रहे। इस कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात ने सभागार में उपस्थित महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग, विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बारे में तथ्य परक जानकारी दी तथा शपथ भी दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री नोटिया जी ने संविधान उद्देषिका का पाठ सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को कराया साथ ही उन्होंने इसकी गरिमा एवं महत्व पर भी जानकारी दी। श्री वी.डी. दीक्षित जी ने कहा कि हमारा संविधान विभिन्न देषों के विभिन्न विचारों को मिलाकर के बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा निर्मित किया गया है। संविधान के नियमों के अनुसार ही हम अपने इस लोकतांत्रिक देष में स्वयं की, समाज की एवं देष की रक्षा कर सकते हैं। सुश्री वंष कुरवैती ने भी संविधान की महत्वपूर्ण विषेषताओं पर प्रकाष डाला। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संवर्ग एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. माधुरी गर्ग एवं आभार प्रदर्षन डॉ. राजकुमार ने किया।

## कोरोना योद्धाओं का सम्मान



कटनी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कोरोना कोविड-19 की विपरीत परिस्थितियों में मानवता की सेवा में तत्पर रहें कोरोना योद्धाओं एवं नवनियुक्ति संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं संदीप जायसवाल के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दी सुविधा

## अब कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकतें हैं आधार कार्ड

**कटनी।** अगर किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड नहीं है या खो गया है तो उसको कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है लेकिन अब ऐसे व्यक्तियों को कोई चिंता करने की बात नहीं है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण(यूआईडीएआई) ने अब आधार कार्ड को डाउनलोड करना आसान बना दिया है। गौरतलब है कि आज के समय में आधार कार्ड सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। आधार पहचान पत्र के साथ-साथ सभी सरकारी और गैर सरकारी कामों के लिए अनिवार्य हो गया है। आधार स्कूल में बच्चे के दाखिले, बैंक से लेनदेन, लोन और आरटीआर के लिए बहुत आवश्यक हैं। हर काम में आधार को जोड़ने से आम जनता को काफी राहत हुई है।




### ऐसे डाउनलोड करें अपना आधार कार्ड

-सबसे पहले यूआईडीएआइ के सीधे लिंक पर लॉगिन करें।
-इसके बाद अपना 12 नंबरों का आधार नंबर दर्ज करें।
-यदि आपको मास्क आधार कार्ड चाहते हैं तो पर क्लिक करें।
-इसके बाद सुरक्षा कोड या कैप्चा दर्ज करें। अब ओटीपी वाले ऑप्शन पर क्लिक करें।
-अब आपके रजिस्ट्रड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आ जाएगा।
-ओटीपी दर्ज करें, अब आपके सामने आधार कार्ड की डिटेल नजर आएगी।
-डाउनलोड कर क्लिक करें और भविष्य के लिए अपने पास रख लें।

### यूआईडीएआई ने ट्वीट कर दी जानकारी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर इस सुविधा की जानकारी दी। यूआईडीएआइ ने बताया कि अपना आधार से कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकते है। आप नियमित आधार डाउनलोड करना चुन सकते हैं। यदि आपका आधार कार्ड गुम हो जाए तो आप इस लिंक की मदद से अपना आधार कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### ऑनलाइन डाउनलोड करने का लिंक

यूआईडीएआई ने आधार कार्ड को ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए सीधा लिंक साझा किया है। से कोई भी अपना आधार कार्ड कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकते है। आपको सिर्फ इस लिंक पर क्लिक करना होगा और आगे बताए गए निर्देशों का पालन करना होगा।

# कटनी से इंदौर बस सेवा का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

## प्रियदर्शनी बस स्टैंड के आडिटोरियम से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कटनी।** नगर निगम द्वारा हब एंड स्पोक मॉडल आधारित क्लस्टर का निर्माण कर कटनी शहर व आसपास के शहर में बस सुविधा के लिए विभिन्न बस रूट तय किए गए हैं। जिनमें लोगों की सुविधा के लिए एसी व नॉन एसी बसों का संचालन किया जाना है। रविवार को कटनी से इंदौर के बीच सेवा के लिए दो बसों का संचालन प्रारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश सरकार के वित्त, वाणिज्यकर व जिले के प्रभारी जगदीश देवड़ा मौजूद थे। बस स्टैंड के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कटनी से दूसरे शहरों को जोड़ने के लिए प्रारंभ की जा रही सेवा की सराहना की और कहा कि इससे लोगों को निर्धारित राशि में यात्रा की अच्छी सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि कटनी के लिए यह महत्वपूर्ण क्षण है। यह एक अच्छी शुरूआत है और इससे कटनी व इंदौर के बीच यातायात सुगम होगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इंदौर के लिए बस सेवा से व्यापारिक दृष्टिकोण से भी कटनी को लाभ मिलेगा। विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक ने कहा कि इंदौर के लिए प्रारंभ की गई यह सेवा बड़ी सौगात है। श्री पाठक ने इंट्रासिटी बस सेवा भी शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। इससे पहले कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम प्रियंक मिश्रा ने प्रारंभ की जा रही बस सेवा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस सेवा के साथ ही शहर में



इलेक्ट्रिकल व्हीकल सेवा को प्रमोट करने का काम किया जाएगा। साथ ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा सहित अन्य अतिथियों ने कटनी से इंदौर के बीच प्रारंभ की जा रही बस सेवा का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। कटनी से इंदौर के अलावा कटनी से बालाघाट, कटनी से कान्हा तक एसी बस और चाका से पिपरौध और बिलहरी से बस स्टैंड मिनी बसों का संचालन भी प्रस्तावित है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### ऑनलाइन टिकट, सीसीटीवी कैमरायुक्त हैं बसें

दीनदयाल सिटी बस सेवा सर्विसेस लिमिटेड के माध्यम से प्रारंभ की गई कटनी से इंदौर के बीच बस सेवा में टिकट की बुकिंग ऑनलाइन रहेगी। इसके अलावा जीपीएस व सीसीटीवी कैमरा युक्त बसों में महिलाओं व दिव्यांगों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है। स्टूडेंट एवं महिलाओं को पास में छूट के साथ ही मशीन के द्वारा भी बस स्टैंड में अलग से बनाए गए काउंटर टिकट उपलब्ध रहेंगी। टिकट काउंटर के साथ ही यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा भी प्रदान की गई है। कटनी से इंदौर के बीच प्रारंभ हुई सेवा में कटनी से बस 7 बजे रवाना होगी और दमोह, सागर, विदिशा, भोपाल मार्ग से इंदौर दूसरे दिन 6.30 बजे पहुंचेगी। वहीं इंदौर से 7.30 बजे बस प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 8.30 बजे कटनी पहुंचेगी।



## आयुध निर्माणी की छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन

**कटनी।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी के छात्रों ने आधारशिला कटनी स्टोन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जागृति पार्क में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय से प्राथमिक एवम माध्यमिक दोनों वर्गो में बच्चो ने डॉ. चित्रा चतुर्वेदी एवम श्रीमती हेमलता कुमारी मैडम के मार्गदर्शन में चित्रकला नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्राओं अजंता मित्रा, सुस्मिता पंडा, यामिनी पांडे, नैंसी कुशवाहा सहित अन्य का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

## सचिन तिवारी सोशल मीडिया विभाग के संयोजक बने



**कटनी।** भाजपा के युवा नेता सचिन तिवारी को पुनः भाजपा सोशल मीडिया विभाग का जिला संयोजक बनाया गया है। सचिन पिछले काफी समय से सक्रियता के साथ पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्य करते हुए पार्टी का पक्ष रख रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कल जिला कार्यालय में सचिन तिवारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अब पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

## दिन और रात के तापमान में आया साढ़े 16 डिग्री का अंतर, सुबह शाम सर्दी, दिन में धूप

**कटनी।** शहर में लगातार कई दिन से रात में तापमान में गिरावट जारी है। धीरे-धीरे पारा लुढ़कने के साथ ही दिन और रात के तापमान के बीच अंतर काफी बढ़ गया है। शहर में रविवार को दिन और रात के तापमान के बीच साढ़े 16 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा है। पारे में बड़े फर्क के कारण शाम ढलते ही हवा में ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। देर रात से सुबह तक मौसम सर्द लगने लगा है। ठंडी हवा हल्की चुभ रही है। रविवार को दिन में हल्की धूप भी खिली। इसके बाद सर्द हवा की चुभन बढ़ गई है। शाम से ही गर्म कपड़े की जरुरत महसूस हो रही है। शहर में रविवार को तापमान में परिवर्तन नहीं आया। शनिवार के अपेक्षाकृत पारे में मामूली बदलाव दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। ये सामान्य से एक डिग्री से ज्यादा बना रहा। न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सी दर्ज हुआ। ये सामान्य के बराबर बना रहा। आर्द्रता सुबह के समय 64 प्रतिशत और शाम को 40 प्रतिशत थीं। उत्तर-पूर्वी हवा 2-3 किमी प्रतिघंटा की औसत गति से चली। मौसम विभाग के अनुसार शहर में मौसम मुख्यतः शुष्क बना हुआ है। शहर में न्यूनतम तापमान में अभी गिरावट जारी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :– katni@yashbharat.com

# बड़ारी मोड़ पर दर्दनाक हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

## बाइक पर महगांव से बड़ारी लौटते समय हुई दुर्घटना

***कटनी/कैमोर। कल शाम कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमोर-झुकेही मार्ग पर बड़ारी के समीप हुई एक दुर्घटना में बाइक सवार एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को ईलाज के लिए पहले विजयराघवगढ़ और फिर कटनी ले जाया गया जहां जिला चिकित्सालय में उसका उपचार चल रहा।***





प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ारी ग्राम निवासी 25 वर्षीय राधे पांडेय एवं 23 वर्षीय अंकित पांडेय किसी काम से महगांव गये हुए थे। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक कल रविवार की शाम वापस बड़ारी लौट रहे थे तभी मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई। कुछ दूर घिसटने के बाद मोटरसाइकिल पत्थर से जा टकराई। इस दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट आने के कारण राधे पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा युवक अंकित पांडेय भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों ने दुर्घटना की खबर कैमोर पुलिस को दी हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयराघवगढ़ भेज दिया गया था। विजयराघवगढ़ में चिकित्सक ने राधे पांडेय को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे घायल अंकित की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उपचार के लिए चिकित्सालय कटनी रिफर किया गया जहां अभी भी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल अपने कब्जे में ली और विजयराघवगढ़ पहुंचकर दुर्घटना में मृत युवक का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दी है। हादसे के समय मौके पर मौजूद राहगीरों के अनुसार महगांव की ओर से आ रही मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज थी, बड़ारी मोड़ पर चालक मोटरसाइकिल पर अपना नियंत्रण खो बैठा जिससे दुर्घटना हुई।



## सबमर्सिबल पंप को तत्वों ने किया आग के हवाले

### आपसी रंजिश को लेकर घटना

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम देवराकलां में आपसी रंजिश भुनाने खेत में लगे सबमर्सिबल पंप, विद्युत तार व स्टार्टर में आग लगाने की घटना प्रकाश में आई है। बताया जाता है कि देवराकला निवासी नरेश राय के खेत में बने कमरे के अंदर घुसकर अज्ञात बदमाशों ने सबमर्सिबल पंप, विद्युत तार व स्टार्टर को आग के हवाले कर दिया। घटना के पीछे आपसी रंजिश बताई जा रही है। किसान के पुत्र मनोज राय ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऊपर से आया एक और नाम कटनी के संगठन पर पैनी नजर

अशोक विश्वकर्मा बने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष, संगठन के सारे सूत्र अपने हाथ में रख रहे वीडी

**कटनी। कटनी की भाजपा में एक और नियुक्ति हाइलेबल से कर दी गई है। युवा मोर्चा में मृदुल मिश्रा की ताजपोशी के दूसरे दिन पिछड़ा मोर्चा के लिए भी सीधे ऊपर से नाम आ गया। सूत्र बताते हैं कि जिलाध्यक्ष ने अपनी तरफ से ललित जायसवाल का नाम भेजा था, लेकिन इस नाम पर राजी न होते हुए हाईकमान ने जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के नाम पर मुहर लगा दी। पार्टी में नियुक्तियों का जो तौर तरीका देखने मिल रहा है, उससे यह तो तय हो चुका है कि अपने लोकसभा क्षेत्र में वीडी शर्मा संगठन के सारे सूत्र स्वंय के हाथ में रख रहे हैं। किसी की भी मनमर्जी नही चलने दी जा रही। संगठन में सुपरसीट होने का भ्रम पालने वालों को आइना दिखाया जा रहा है।**

महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और पिछड़ा मोर्चा में एक के बाद एक हुई नियुक्तियों के कई मायने हैं। इसके पहले जिले की टीम के लिए भी अपर लेबल से ऐसे नामों का चयन किया गया जो सीधे प्रदेश भाजपा के सरदार वीडी शर्मा के डायरेक्ट टच में थे। सालों से वीडी के साथ काम करने वालों को जिला संगठन में प्राथमिकता देकर यह संदेश देने की कोशिश भी की गई कि सबकुछ स्थानीय स्तर पर ही तय नही हो जाएगा, बल्कि प्रदेश नेतृत्व अपने हिसाब से निर्णय लेने और उस पर अमल कराने के लिए स्वतंत्र है। दूसरा सन्देश यह भी दिया गया कि जो नेता संगठन के बहाने आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए अपनी फ़ील्डिंग तैयार करने की सोच रहे हैं, वे पक्के तौर पर ये जान और समझ लें कि कटनी में जमावट तो वीडी शर्मा की ही चलेगी, क्योंकि यहां के सांसद वे हैं। यही वजह है कि जिले की टीम के लिए अनेक ऐसे नामों का चयन किया गया जो पहले चर्चा में भी नही थे और एकाएक चर्चा में आये भी तो उन्हें रोक पाना जिलाध्यक्ष के बस में था ही नही। मोर्चों और अन्य नियुक्तियों में भी कमोवेश यही स्थिति देखने मिल रही है। पार्टी के अंदरखाने में जो चर्चा है उसके मुताबिक वीडी शर्मा कटनी के संगठन को टॉप प्रायॉरिटी पर रख रहे हैं, वजह है कटनी जिला उनके लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यहां के संगठन की लूज परफार्मेंस उनके लिए ही मुसीबत बनेगी इसलिए वे किसी और के भरोसे कटनी के संगठन को न छोड़कर सीधी लगाम अपने हाथों में रख रहे हैं। ऐसा करते हुए अपरोक्ष रूप से कार्यकर्ताओ तक यह मैसेज भी पहुंचाया जा रहा है कि इस दौर की नई और युवा भाजपा अब वीडी की सोच के मुताबिक ही चलेगी। संगठन से जुड़े तमाम फैसले उनके ही सांगठनिक विजन का प्रतिबिम्ब बनेंगे। संगठन के बनाव से जुड़े एक खास निर्णय में उन्होंने यह भी तय किया है कि हर जिले से हर मोर्चे के लिए एक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी चुना जाएगा, जिसे जिले का प्रभार भी दिया जाएगा। इस सिस्टम के पीछे उनकी सोच यही है कि मोर्चों के अध्यक्ष भी निरंकुश न रह सकें। उन पर भी निगरानी बनी रहे।

### अंतिम दो दिनों में कटा ललित का नाम

पिछड़ा वर्ग के लिए अशोक विश्वकर्मा का नाम अच्छा चयन माना जा रहा है। वे जिला। पंचायत के उपाध्यक्ष के बतौर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं और सहजता तथा सरलता उनके व्यक्तित्व में शामिल है। पार्टी की गतिविधियों में भी उनका सतत जुड़ाव रहा है।



उनकी नियुक्ति के मामले में यदि सीधे वीडी शर्मा ने रुचि दिखलाई भी है तो उन्होंने कटनी के इस वर्ग को बेहतर चेहरा दिया है। हालांकि इस पद पर ललित जायसवाल का नाम बहुत पहले से न केवल चर्चाओं। में था बल्कि फाइनल ही माना जा रहा था। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक उनका नाम जिले की टीम से रोका ही इसलिए गया था क्योंकि उन्हें पिछड़े मोर्चे की जिम्मेदारी दी जाना थी, किंतु राजनीति में कोई भी फेरबदल सम्भव है। अन्ततः दो दिन पहले ही राजधानी में समीकरण बदल गए।

## ग्राहक का इंतजार कर रहे थे तभी पहुंच गई पुलिस

# दो किलो गांजा सहित दो गिरफ्तार



**कटनी।** रीठी पुलिस ने एक महिला और एक युवक को एक-एक किलो गांजा सहित गिरफ़्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध मादक द्रव्य प्रतिबंधात्मक अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 28 नवम्बर की शाम रीठी थानाप्रभारी सतीश तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली की एक महिला और एक युवक उजियारपुर रोड पर खदान के पास खड़े हैं जिनके पास भारी मात्रा में गांजा होने की आशंका है। मुखबिर से मिली सूचना की जानकारी थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उपनिरीक्षक सावित्री राजपूत के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मौके के लिए रवाना की गई। मौके पर मुखबिर के बताए अनुसार एक महिला और एक युवक ग्राहक का इंतजार करते मिले। पूंछे जाने पर महिला ने अपना नाम सुनीता भूमिया पति सरजेस भूमिया उम्र 38 साल और युवक ने विनीत कुमार पिता राजेश कुमार उम्र 31 वर्ष बताया। महिला इमलिया की निवासी थी जबकि युवक पटोहा का रहने वाला था। युवक के पास एक बिना नम्बर की डीलक्स मोटरसाइकिल भी थी। पुलिस ने जब दोनों की तलाशी ली तो दोनों के पास एक . एक किलो गांजा होना पाया गया। दोनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस थाने ले आई जहां और पूछताछ की गई। थानाप्रभारी द्वारा यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुनील जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, डीएसपी मुख्यालय शालिनी परस्ते के निर्देशन में की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी में सहायक उपनिरीक्षक श्याम सिंह, प्रधान आरक्षक भोलेशंकर, भोला गुप्ता, केशव मिश्रा आरक्षक धर्मेन्द्र यादव की सक्रिय भूमिका रही।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा खेतों से विद्युत मोटर पंप चोरी करने वाला गिरोह

## चार सदस्य गिरफ्तार, 47 हजार के पंप बरामद

### मामलों की पतासाजी में रीठी पुलिस को मिली सफलता



**कटनी।** रीठी पुलिस ने खेतों में लगे विद्युत मोटर पंप चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से खेतों से चोरी किए गए चार विद्युत मोटर पंप बरामद किए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीठी थाना अंतर्गत लगातार खेतों से चोरी हो रहे विद्युत मोटर पंप चोरी की घटनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लिया। ऐसे मामलों की पतासाजी करते हुए पुलिस ने संदेह के आधार पर सलैया बडगांव निवासी छोटे लाल सोनकर, गोविन्द सोनकर, सूरज महोबिया, सोनू सोनकर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने खेतों से विद्युत मोटर पंप चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए 47 हजार रूपए कीमती चार विद्युत मोटर पंप बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनि परस्ते के मार्गदर्शन में वारदातों से पर्दा उठाने में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सलैया पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जी.पी.शुक्ला, सउनि कोदू लाल कुशवाहा, चंद्रिका मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयचन्द, रमेश सिंह, आरक्षक राजेश, सोनू आर्मी, नगर सैनिक रमेश, ग्राम रक्षा समिति सदस्य बेनी प्रसाद पाठक की भूमिका रही।

## युवकों ने की महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**कटनी।** रंजिश के कारण महिला से मारपीट करने व उसे जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। जानकारी अनुसार कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम अमेहटा में रंजिशन राम सिंह गौंड व मान सिंह गौंड़ ने पड़ोस में ही रहने वाली सावित्री बाई पति बाबू सिंह गौंड़ उम्र 40 वर्ष से विवाद किया और अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। गलत शब्दों के प्रयोग पर जब महिला ने विरोध जताया तो आरोपियों ने एकराय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने जाकर अपने साथ हुई ज्यादती की रिपोर्ट दर्ज कराया जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033



अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com



दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847



रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS
PLANET FASHION U-TURN BOLSA
GALAXY GAME ZONE CITY PRIDE Cinema Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)